# लोक गीतों व रागनियों के माध्यम से की शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

## विभागीय कलाकारों ने ग्रामीणों का करवाया मनोरंजन वहीं वोट के महत्व के बारे में दी जानकारी

महेंद्र गोयल

**फतेहाबाद (जगमार्ग न्यूज)।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने जिला वासियों से आग्रह किया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदाता शत प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद वोट करेगा तो लोकतंत्र सशक्त होगा।

विद्यार्थी व गांव के जागरूक नागरिक शत प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करे। उपायुक्त ने कहा कि जिला में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी है। मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेने वाले लोक संपर्क विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केंद्र, खेल विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग शामिल है। इन विभागों की एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी बैठक लेकर समीक्षा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है, इसलिए मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें और इसके अलावा 25 मई को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लें।

उपायुक्त राहुल नरवाल का कहना है कि फतेहाबाद वोट करेगा तो लोकतंत्र सशक्त होगा। इसलिए जिला वासी देश के पर्व लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट करे। जिले के प्रत्येक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि थीम चुनाव पर्व देश का गर्व को चरितार्थ किया जा सके।



### ग्रामीणों व विद्यार्थियों को समझाया मतदान का महत्व

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अमले द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दरियापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व गांव दौलतपुर, हिजरावां खुर्द, माजरा, खैराती खेड़ा, बनगांव, ढिंगसरा, भोडिया खेड़ा, भिरड़ाना सहित लगभग 2 दर्जन गांवों में कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीतों व भजनों के माध्यम से लोगों को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया गया है। क्षेत्रीय प्रचार अमले ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोट बनवाने व मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में जिला में स्वीप अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं तथा विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया रहा है।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों ने जीता ब्रांज मेडल

जगमार्ग न्यूज



**भिवानी।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया द्वारा 21 से 24 अप्रैल तक मुबई में आयोजित करवाई गई 17वीं अंडर-12 आयु वर्ग की राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने ब्रांज मैडल हासिल कर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव संदीप कोंटिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के प्रधान दिग्विजय सिंह चौटाला के दिशा-निर्देशों पर आयोजित करवाई गई थी, जिसमें हरियाणा की लड़कियों की हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मैडल हासिल किया तथा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि लड़कियों की हैंडबॉल टीम का नेतृत्व कोच परमवीर सिवाच, संदीप बलौदा, विकास कुमार, रेनू कुमारी व रविंद्र ने किया। उन्होंने कहा कि टीम के शानदार प्रदर्शन पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। कोंटिया ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के खिलाडियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा मनवाते हुए देश को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि जब भी किसी खेल की बात आती है तो हरियाणा प्रदेश उस खेलों में सबसे ज्यादा मैडल हासिल करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे किसी ना किसी खेल में जरूरी भागीदारी करें। लड़कियों की हैंडबॉल टीम की उपलब्धि पर हरियाणा स्टेट हैंडबाल एसोसिएशन के उपप्रधान राममेहर सिंह छिकारा, कोषाध्यक्ष सुरेश अहलावत, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी परविंद्र, हरिस्वरूप कोच, सुरेंद्र दनौदा ने भी बधाई दी।

## न्यूज डायरी

### वीएलडीए कुसुम अग्रवाल को पितृ शोक, अधिकारियों व कर्मचारियों ने जताया शोक



**भिवानी (जगमार्ग न्यूज)।** स्थानीय महम रोड़ पर स्थित गौशाला के पशु चिकित्सालय में कार्यरत्त वीएलडीए कुसुम अग्रवाल के पिता हनुमान प्रसाद का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दुख व्यक्त करते हुए भगवान से शोक संतिप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने व दिवंगत को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गई। बता दे कि हनुमान प्रसाद ढिगावा में मिठाई की दुकान चलाते थे तथा उनका नरम स्वभाव व सादगीपूर्ण व्यवहार के चलते ही ना केवल ढिगावा के निवासी, बल्कि आस-पास के क्षेत्रवासी भी उनके काफी प्रभावित थे। उनके चार बेटियां व एक बेटा है। हनुमान प्रसाद के निधन पर शोक जताते हुए पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. रविंद्र सहरावत, उपमंडलाधिकारी डा. प्रदीप व पशु चिकित्सक डा. विजय सनसनवाल ने इसे असहनीय दुख बताते हुए परिवार को धीरज रखने व परिवार को संभालने का समय बताया। उन्होंने कहा कि असमय मृत्य परिवार को तोडक़र रख देती है, लेकिन भगवान परिवार को सहारा देता है। उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार धार्मिक विचारों की प्रवृत्ति का है। गौशाला के एक्सटेंशन ऑफिसर मोहनलाल ने कहा कि हनुमान प्रसाद हमेशा भक्ति प्रेम में लीन रहते थे। वे अभी तीर्थ यात्रा पर पुरी धाम जाने का विचार बना रहे थे, लेकिन भगवान को कुछ अलग ही मंजूर था। इसके अलावा उनका गौशाला में विशेष योगदान था। पशु चिकित्सालय में कार्यरत्त रीतू व अर्जुन देव ने इसे भारी क्षति बताते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना भगवान से की।

### हीरानंद ट्रस्ट की भूमि के विभिन्न प्लॉटो की नीलामी 7 मई को: अंकित बेनीवाल

**तोशाम (जगमार्ग न्यूज)।** स्थानीय हीरानंद ट्रस्ट की भूमि के विभिन्न प्लॉटों की नीलामी 07 मई को प्रात: साढ़े दस बजे उपमंडल कार्यालय परिसर के मीटिंग हॉल में की जाएगी। यह जानकारी देते हुए तहसीलदार अंकित बैनीवाल ने बताया कि हीरानंद ट्रस्ट तोशाम के अंतर्गत आने वाले प्लाट नंबर एक से 23 को एक वर्ष (2024- 25) के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। उन्होंने कानूनगो हल्का तोशाम, मीरान, रिवासा तथा कैरू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों के पटवारियों को भी उक्त प्लाटों की मुनादी करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। ट्रस्ट की भूमि के प्लाटों की नीलामी करने के लिए 7 मई को प्रात: साढ़े दस बजे का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय में बोली से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बोली से संबंधित नियमों एवं शर्तों के बारे में 07 को प्रात: साढ़े दस बजे बोली शुरू होने से पहले बता दिया जाएगा।

### कैरू के आदर्श विद्यालय में कल लगेगा आंखों का मुफ्त चेकअप कैंप

**तोशाम (जगमार्ग न्यूज)।** सात्विक जनकल्याण ट्रस्ट कैरू की ओर से कल 28 अप्रैल रविवार को आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू में नि:शुल्क आंखों का फ्री चैकअप कैंप लगेगा। कैंप को लेकर विद्यालय प्रबंधक रामकुमार बंगालिया ने बताया कि सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक लगने वाले इस कैंप में सेंटर फॉर साइट आइज हॉस्पिटल भिवानी के माहिर डाक्टरों द्वारा आंखों से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों की निशुल्क जांच तथा कैंप में आए मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की जाएंगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की की कल लगने वाले इस एक दिवसीय कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### हुडा पार्क के सुधारीकरण की मांग को लेकर फिर एकत्रित हुआ वेटरन संगठन



**भिवानी (जगमार्ग न्यूज)।** स्थानीय हुडा पार्क में शुक्रवार को वेटरन संगठन भिवानी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता वेटरन संगठन भिवानी के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला ने की। इस दौरान हुडा पार्क की दयनीय स्थिति के सुधार की मांग को लेकर एक बार फिर प्रशासन से मिलने की रूपरेखा तैयार की गई। वेटरन संगठन भिवानी के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला ने कहा कि इन दिना हुडा पार्क काफी बदहाल स्थिति में है। यहां पर साफ-सफाई का नामो निशान नहीं है, पैदल चलने के लिए बिछाई गई ब्लॉक टूटी पड़ी है, 10 वर्षो से फव्वारे नहीं चल रहे, टॉयलेट-बाथरूम पर ताला लटका है जबकि यहां की लाईट हमेशा जली रहती है, पार्क में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, देखरेख की कमी के चलते पेड़-पौधों सूख रहे है, जगह-जगह गड्ढे है, पार्क के रख-रखाव के लिए कर्मचारी भी नहीं है, रैलिंग भी टूटी हुई है जिसके चलते पार्क में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है तथा गंदगी फैलने के साथ-साथ हमेशा हादसे का भय बना रहता है। उन्होंने कहा कि हुडा पार्क की स्थिति सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विधायक व नगर परिषद चेयरपर्सन को कार्य करना चाहिए तथा बुजुर्गो के लिए लाईफ लाईन माने जाने वाले इस पार्क के सौंदर्यकरण की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाने चाहिए, लेकिन इसके विपरीत वे आमजन की इस समस्या से मुंह फेरे बैठे है। सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनितिध व प्रशासन के लापरवाही पूर्ण रवैये के चलते हुडा पार्क की स्थिति बदत्तर हुई है। उन्होंने कहा कि अब उनका सब्र अब जवाब दे रहा है तथा समय रहते इसकी सुधारीकरण पर ध्यान नहीं दिया गया तो मजबूरन उन्हे संघर्ष की राह अपनानी पड़ेगी।

### कांग्रेस पार्टी अपना हर चुनावी वादा पूरा करेगी: बजरंग गर्ग

**हिसार (जगमार्ग न्यूज)।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा में लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी वोटों से जीतेंगे। जनता कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीताने का मन बना चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी व आम जनता भाजपा सरकार से दुखी है और भाजपा सरकार से मुक्ति चाहती है। हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों का काले झंडों से स्वागत हो रहा है और लोग गो बैक के नारे लगाकर वापिस भेज रहे हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार ने किसान, सरकारी कर्मचारी, छात्र, आंगनबाड़ी महिलाएं व जनता के चुने हुए सरपंचों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठियों से पीटने का काम किया है और किसान आंदोलन में 750 सौ किसान शहीद हुए हैं उसी का जवाब प्रदेश की जनता अब भाजपा के प्रत्याशियों को काले झंडे दिखाकर व गांवों में घुसने ना देकर उसका जवाब दे रही है और जनता 25 मई को वोट की चोट मारकर जनता भारतीय जनता पार्टी से अपना हिसाब चुकता करेगी।

# समस्याओं के समाधान को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा मांगपत्र

जगमार्ग न्यूज

> विद्यार्थियों को सुविधाएं मुहैया कराने के दायित्व से पीछे हट रहा है महाविद्यालय प्रशासन: देवदर्शन

**भिवानी।** एक तरफ तो सरकार पढ़ेगा हरियाणा तो बढ़ेगा हरियाणा का नारा देती है, वही दूसरी तरफ शिक्षण संस्थानों में मूलभूत सुविधाएं तक मुहैया नहीं करवाई जा रही, जिसके चलते विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही हाल इन दिनों स्थानीय महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय का है, जहां पर विद्यार्थियों को पेयजल, लाईब्रेरी में किताबों की कमी सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी के विरोध में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के निर्देशानुसार एनसयूआई छात्र नेताओं ने शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. महेंद्र कौशिक को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से एनएसयूआई ने महाविद्यालय की टूटी खिड़कियों की मुरम्मत करवाए जाने, कक्षाओं में खराब पड़े पंखों को ठीक करवाए जाने, पेयजल के समुचित प्रबंध किए जाने, टूटे हुए लेक्चर स्टैंडों को ठीक करवाए जाने, खेल के मैदानों को दुरूस्त करवाए जाने, महाविद्यालय की लाईब्रेरी में किताबों की कमी को दूर किए जाने व ईबुक की सुविधा दिए जाने, प्राध्यापकों के बैठने के लिए कक्षाओं में नए फर्नीचर मुहैया करवाए जाने, कक्षाओं के टूटे हुए बोर्डो को ठीक करवाए जाने की मांग की। छात्र नेता देवदर्शन ने कहा कि इन उपरोक्त समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं अभी तक नहीं हुआ है।

# थर्डजेंडर स्वयं मतदान कर वोट डालने की करें अपील: आनंद शर्मा

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि थर्डजेंडर समुदाय को स्वीप एक्टिविटी का भागीदार बनाया जाएगा। एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में थर्डजेंडर समुदाय के लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में स्वयं भागीदारी सुनिश्चित करें और जागरूकता अभियान के तहत अन्य को प्रेरित करें। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकतंत्र के फेस्टिवल में युवाओं, बुजुर्गो, सहित तमाम मतदाताओं को मतदान के लिए चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने यह भी बताया कि 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए डाक मतपत्र की प्रक्रिया की सुविधा देने के लिए दिशा-निर्देश दिये हैं।

## गांव कतवार में 5 वर्षीय बच्चे के अपहरण की अजीबो-गरीब घटना हुई घटित

# अपहरण करने वाला निकला स्वयं बच्चे का पिता

सीमा जोशी

**तोशाम (जगमार्ग न्यूज)।** शुक्रवार दोपहर तोशाम क्षेत्र के गांव कतवार में एक 5 वर्षीय बच्चे के अजीबो-गरीब अपहरण का मामला सामने आया। इस बच्चे के अपहरण के पूरे मामले का मात्र 2 घंटे में खुलासा हो गया और इस पूरे मामले को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि अपहरणकर्ता ही स्वयं अपहरण हुए बच्चे का पिता निकला। मामला सुनने में भले ही थोड़ा अटपटा लगे लेकिन यह घटना शुक्रवार दोपहर तोशाम क्षेत्र के गांव कतवार में घटित हुई।



गांव कतवार की बेटी रुबन की शादी चरखी दादरी जिले के गांव पैतावास कला में सन 2017 में नरेंद्र नामक युवक के साथ हुई थी। शादी के पश्चात रुबन को एक बेटा तथा बेटी पैदा हुए। लेकिन रुबन तथा उसके पति नरेंद्र में आपसी कहा-सुनी के चलते रुबन पिछले करीबन 2 साल से अपने मायके तोशाम क्षेत्र के गांव कतवार में अपने माता-पिता के घर रह रही थी। उसका करीबन 5 वर्षीय बेटा पूर्व गांव बुशान के एक निजी विद्यालय में पढ़ने जाता है। शुक्रवार को जब विद्यालय की बस बच्चे पूर्व को दोपहर के समय घर छोड़ने के लिए आई तो बच्चे पूर्व का पिता नरेंद्र पहले से ही एक कार गाड़ी में सवार होकर गांव कतवार में रुबन के मायके वाले मकान की गली के नुक्कड़ पर बच्चे पूर्व के आने का इंतजार कर रहा था। जैसे ही स्कूल की बस दोपहर करीबन 1:30 बजे बच्चे पूर्व को घर के आगे छोड़कर गई तो बच्चे पिता मौका लगते ही बच्चे पूर्व को गोदी में उठाकर गाड़ी में डालकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने गाड़ी का नंबर भी नोट कर लिया तथा गाड़ी के पीछे भी भागे लेकिन वह गाड़ी मौके से फरार हो गई। यह सूचना पुलिस को दी गई और देखते ही देखते गांव कतवार से बच्चे के अपहरण की खबर सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई। पुलिस ने छानबीन करते हुए गली में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली, लेकिन सीसीटीवी कैमरे में भी अपहरणकर्ता की पहचान नहीं हो सकी। इसी बीच करीबन 2 घंटे पश्चात बच्चे पूर्व के पिता नरेंद्र का अपने ससुर अर्थात बच्चे पूर्व के नाना के पास फोन आया कि बच्चे पूर्व को वह उठाकर ले गया है।

# राव दान सिंह भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित, मिठाइयां बांट कर मनाई खुशी

जगबीर घणघस

**भिवानी (जगमार्ग न्यूज)।** आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। इस सूची में भिवानी-महेंद्रगढ़ क्षेत्र से राव दान सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। जिसके बाद भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता में खुशी की लहर है तथा वे पूरे जोश एवं निष्ठा से राव दान सिंह का समर्थन करते हुए कांग्रेस को जीत दिलाने का दम भर रहे है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विंग के प्रदेश संयोजक अभिजीत लाल सिंह के कार्यालय पर मिठाई बांटकर राव दान सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा राव दान सिंह वरिष्ठ एवं मेहनती कांग्रेस पदाधिकारी है, जिन्होंने कार्य निष्ठा एवं सराहनीय कार्यशैली के चलते आम आदमी के बीच अपनी अलग पहचान स्थापित की है। कांग्रेस ने राव दान सिंह को प्रत्याशी घोषित कर अपनी जीत की तरफ पहला कदम बढ़ाया है। अभिजीत लाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं मेहनत से चुवाना में कांग्रेस को जीताने का कार्य करेंगे।





### कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार: गुलिया

**भिवानी।** महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा राव दान सिंह को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार हुआ है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप गुलिया ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे वे डोर-टू-डोर जाने का अभियान तेज कर दे तथा आमजन को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नाम की आंधी चलेगी।

### कांग्रेस सभी दस सीटों पर होगी विजयी: कादियान

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा राव दान सिंह को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित करने पर प्रत्येक कार्यकर्ता में जोश है तथा वे कांग्रेस प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने के लिए पूरी जी-जान से जुटने की तैयारी में लग गए है। हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस भारी मतों से विजयी होगी। कांग्रेस व राव दान सिंह दोनों का उद्देश्य राजनीति के माध्यम से आम नागरिकों के लिए सुविधाएं मुहैया करवाना है।

# लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी, हम सब की जिम्मेदारी: एसडीएम

**तोशाम (जगमार्ग न्यूज)।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी है। मतदान से हम सिर्फ सरकार को ही नहीं चुनते, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। एसडीएम शुक्रवार को गांव बुशान में स्थित बाबा मुंगीपा विद्यापीठ में स्वीप अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। विद्यापीठ में पंहुचने पर संचालक डॉ नरेश जांगड़ा व जयभगवान तायल ने एसडीएम का स्वागत किया। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि मतदान न कर हम औरों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि को अपना प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी दे देते हैं। इसलिए यह हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि वोट देकर लोकतंत्र की प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

# अस्थाई चैंबरों को न हटाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जगमार्ग न्यूज

**तोशाम।** बार एसोसिएशन तोशाम के अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय तोशाम में बनाए गए अस्थाई चैंबरों अर्थात शैडो को न हटाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम तोशाम के एसडीएम मनोज कुमार दलाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से तोशाम बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बताया कि तोशाम तहसील परिसर में तेज धूप, आंधी, बारिश, तूफान से बचाव करने के लिए अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में अपने अस्थाई चैंबर अर्थात शेड बना रखे हैं जिससे उन्हें अपने कामकाज में कंप्यूटर, प्रिंटर आदि सहित अन्य सामान की सुरक्षा रहती है। लेकिन वर्तमान उपमंडल प्रशासन इन चैंबर अर्थात शैडो को हटवाना चाहता है। जिससे वकीलों को खुले आसमान में बैठने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने मांग की की इन चैंबरो अर्थात शैडो को ने हटाया जाए। अपनी इस मांग को लेकर तोशाम बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तोशाम के एसडीएम मनोज कुमार दलाल को सौंपा। इस मौके पर सत्यवान शयोराण आदि मौजूद थे।

# बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर हकृवि ने अर्जित की उल्लेखनीय उपलब्धि



जगमार्ग न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शोधार्थियों द्वारा हस्तशिल्प कुर्सी का डिजाइन विकसित करने पर भारतीय पेटेंट कार्यालय ने डिजाइन का पंजीकरण प्रदान किया है।

इस डिजाइन को भारत सरकार की ओर से प्रमाण पत्र मिल गया है। कुर्सी का डिजाइन विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. मंजु महता की देखरेख में दो शोध छात्राओं आयशा और मीनू जाखड़ ने किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय को लगातार मिल रही उपलब्धियां यहां के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि हकृवि ने विगत वर्षों में 119 तकनीकों के बौद्धिक संपदा अधिकारों की प्राप्ति हेतु भारतीय पेटेंट की डिजाइन व ट्रेडमार्क तथा कॉपीराइट आफिस में आवेदन किए। जिनमें से अभी तक 54 तकनीकों के लिए अधिकार प्रदान हुए है। विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार किसी भी राष्ट्र व संस्थान की शोध गुणवत्ता, शैक्षिक स्तर का स्तंभ है।

**ज्ञापन** — गांव खरकड़ी सोहान के ग्रामीणों ने खनन कंपनी पर लगाया करोड़ों के घोटाले का आरोप

# खनन कंपनी पर कानूनी कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


जगमार्ग न्यूज

**तोशाम।** गांव खरकड़ी सोहान के ग्रामीणों ने गांव खरकड़ी सोहान के पहाड़ में खनन कंपनी द्वारा करोड़ों रुपए का खनन घोटाला करने का आरोप लगाते हुए खनन कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम मनोज कुमार दलाल को ज्ञापन सौंपा।

गांव खरकड़ी सोहान के ग्रामीण राहुल, सोमवीर, दिनेश, जयवीर, सोनू आदि का कहना था कि गांव खरकड़ी सोहान में स्थित पहाड़ में महादेव माइन्स कंपनी खनन कार्य कर रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस खनन कंपनी द्वारा खनन की आड़ में विभिन्न गैर कानूनी कार्य करके खनन घोटाला किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की की बड़ी ब्लास्टिंग बंद करवाई जाए तथा बड़ी ब्लास्टिंग की परमिशन रद्द की जाए। ग्रामीणों का आरोप था कि खनन कंपनी रात्रि में हजारों टन पत्थर बिना रवाना के चोरी से बचा जा रहा है जिससे करोड़ों रुपए का खनन घोटाला किया जा रहा है। गैर कानूनी ब्लास्टिंग करने से पंप हाउस व नहर क्षतिग्रस्त हो रही है।

इसके अलावा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों का गिरोह गांव के किसानों को डराने व धमकाने का कार्य करता है। गाड़ियों में ओवरलोड पत्थर से कोई बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। अपनी इन विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने तोशाम स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे तथा एसडीएम मनोज कुमार दलाल को ज्ञापन सौंपा।



### खनन कंपनी पर ग्रामीणों के आरोप

ग्रामीणों का आरोप था कि कंपनी द्वारा अवैध बड़ी ब्लास्टिंग के लिए ड्रिल मशीन से ड्रिल करके बड़ा बारूद ब्लास्ट किया जा रहा है, जिसके कारण बड़ी ब्लास्टिंग से गांव के अनेक घरों में दरारें आ गई हैं जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना था की बड़ी बारूदी ब्लास्टिंग से गांव में पीने के पानी के स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं तथा कुएं आदि में दरारें आ गई हैं। वहीं बड़ी ब्लास्टिंग से पत्थर आसपास के किसानों के खेतों में जा रहे हैं जिसके कारण जमीन हमेशा के लिए बंजर बनती जा रही है साथ ही कंपनी द्वारा बहुत ज्यादा पर्यावरण प्रदूषण किया जा रहा है तथा खुले आम पर्यावरण के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है जिससे ग्रामीणों को सांस लेने में भी काफी परेशानी हो रही है।

# उपायुक्त ने आपराधिक मामलों की सूक्ष्मता से निगरानी करने के दिए निर्देश

जगमार्ग न्यूज



**हिसार।** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने किशन भाई वर्सेस स्टेट ऑफ गुजरात के मामले के संबंध में गठित कमेटी की अध्यक्षता करते हुए आपराधिक मामलों की सूक्ष्मता से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच अधिकारी/न्यायालय में केस की पैरवी करने वाले अधिकारी की लापरवाही से यदि कोई दोषी बचकर निकल जाता है तो ऐसे मामलों में संबंधित के विरुद्ध जल्द से जल्द विभागीय कार्यवाही शुरू की जाए। इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद भी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने ऐसे मामलों पर चिंता जताई जिनमें तीन साल बीत जाने के बाद भी दोषियों को सजा नहीं दिलवाई जा सकी। इसके अलावा अगर कार्रवाई के मामले में कोई अधिकारी रुचि नहीं लेता तो उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने अभी तक निर्णय हो चुके मामलों का विवरण भी तलब किया, जिनमें गवाह मुकरे हैं, कोर्ट के बाहर आपसी समझौता या फिर ट्रायल और अनुसंधान में कोई कमी रही है। उपायुक्त ने जिला न्यायवादी कार्यालय के अधिकारियों से कहा कि वे ऐसे हर संभव कदम उठाए, जिनसे मामलों की सुनवाई में बिना किसी ठोस कारण के दो माह से अधिक की तिथि न मिले।